**मुख्य विकास अधिकारी / उपाध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली की अध्यक्षता में दिनांक 02.07.2025 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :–**

बैठक में निम्नानुसार अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित हुए :–

1 श्री विनय कुमार तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी, शामली।

2 श्री मनोज कुमार पाल / श्री अमित कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

3 श्री संजय पटेल, पी0एम0 मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0 एस0पी0एल0 जे0वी0, मुम्बई।

4 श्री शशि गुप्ता , पी0एम0, मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद।

6 श्री शिवदत्त, डी0पी0एम0 / श्री अखिलेश, क्यू0ए0क्यू0सी0, टी0पी0आई0, शामली।

7 श्री संजय कुमार, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, शामली।

श्री मनोज कुमार पाल, सहायक अभियन्ता द्वारा समीक्षा बैठक हेतु निम्न एजेण्डा मुख्य विकास अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया :–

**बिन्दु संख्या–1 जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा :–**

**(अ) नई पेयजल योजनाऐं :–** जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फर्म मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 जे0वी0, मुम्बई द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा 169 नग योजनाओं के सापेक्ष 168 पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। शेष एक पेयजल योजना उस्मानपुर पर भूमि विवाद के चलते पेयजल योजना के कार्य प्रारम्भ नहीं किये गये है। वर्तमान तक जनपद में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 712 कि0मी0 रोड पुर्नस्थापन के सापेक्ष 648 कि0मी0 रोड (91 प्रतिशत) रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 172 नग के सापेक्ष 166 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ हो गया है जिसमें से वर्तमान तक 12 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण तथा 6 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ। 169 नग पे0यो0 के सापेक्ष 72 नग पे0यो0 (85 राजस्व ग्राम) पर नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है। 17 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 15 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है। (गुराना एवं मवी तिमाली अहतमाल पे0यो0 विद्युत कनेक्शन शेष है।)

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा रोड पुर्नस्थापन की समीक्षा की गयी। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 3 ग्रामों में रोड पुर्नस्थापन का कार्य प्रगति पर है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी और फर्म मै0 जे0एम0सी0 लक्ष्मी के प्रोजेक्ट मैनेजर को सख्त निर्देश दिये गये कि 2 दिन के अन्दर रोड पुर्नस्थापन के कार्य को पूरा करने का वर्क प्लान प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

फर्म के पी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा 41 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण कर उच्च जलाशय के माध्यम से ग्राम में जलापूर्ति दी जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा फर्म द्वारा बतायी गयी 41 उच्च जलाशयों की स्थिति की जॉच करने एवं अगली समीक्षा बैठक में सही स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिये गये।

**(ब) पुर्नगठन पेयजल योजनाऐं :–** जनपद में फर्म मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा 13 पुर्नगठन पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 13 पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्तमान तक जनपद में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 215 कि0मी0 रोड पुर्नस्थापन के सापेक्ष 207 कि0मी0 रोड (96 प्रतिशत) रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 10 नग के सापेक्ष 10 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ हो गया है जिसमें से वर्तमान तक 8 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 17 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 12 राजस्व ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है। 04 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 02 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है। (लांक एवं कण्डेला जोन–1 पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन शेष है।)

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा रोड पुर्नस्थापन की समीक्षा की गयी। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 1 ग्राम बहावडी में रोड पुर्नस्थापन का कार्य प्रगति पर है। जिस पर मुख्य

विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा नाजारगी व्यक्त की गयी और फर्म के प्रतिनिधि को सख्त निर्देश दिये गये कि 2 दिन के अन्दर रोड पुर्नस्थापन के कार्य को पूरा करने का वर्क प्लान प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

फर्म के प्रतिनिधि श्री शशि गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि बहावडी ग्राम में रोड पुर्नस्थापन के कार्य करते समय ग्राम प्रधान द्वारा बीच–बीच में अवरोध उत्पन्न किया जाता है। जिस कारण से प्रगति में बाधा उत्पन्न होती है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा आदेशित किया गया कि जिला पंचायती राज अधिकारी शामली से समन्वय स्थापित कर रोड पुर्नस्थापन में आ रही बाधा का निस्तारण करायें।

**बिन्दु संख्या–2 (पेयजल योजनाओं के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता) :–**

प्रशासन द्वारा उस्मानपुर पेयजल योजना हेतु जो भूमि गाटा सं0– 365, क्षे0 0.1580 है0 (खाद गड्ढा) उपलब्ध करायी गयी थी उस पर दो बार बोरिंग करने के लिए मशीन भेजी गयी थी परन्तु ग्रामवासियों द्वारा उक्त भूमि पर लगातार विरोध उत्पन्न किया गया। जिसकी सूचना उप जिलाधिकारी महोदय को दे दी गयी थी। जिसके क्रम में उप जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में पेयजल योजना हेतु खाद के गडढे के अतिरिक्त अन्य कोई भी भूमि उपलब्ध नहीं है।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा उस्मानपुर पेयजल योजना हेतु जिलाधिकारी महोदय को भूमि श्रेणी परिवर्तन हेतु पत्राचार करने निर्देश दिये गये।

**बिन्दु संख्या–3 (पेयजल योजनाओं के जलकल परिसर में मिटटी भराव कार्य ) :–**

वर्तमान में पेयजल योजनाओं के जलकल परिसर में प्रशासन के सहयोग से मिटटी भराव का कार्य प्रारम्भ हो गया है। कुछ पेयजल योजनाओं में मिटटी भराव में बाधा उत्पन्न हो रही है।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन पेयजल योजनाओं के जलकल परिसर में मिटटी भराव में बाधा उत्पन्न हो रही है, उनकी सूची तैयार करें एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को भी सूची उपलब्ध कराते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र जारी करें।

**बिन्दु संख्या–4 (विद्युत आधारित पेयजल योजनाओं पर आ रही बाधा के सम्बन्ध में ) :–**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद शामली में 21 पेयजल योजनाऐं विद्युत आधारित है। जिनमें से 17 पेयजल योजनाओं पर विद्युत कनेक्शन हो गये है तथा शेष 4 पेयजल योजनाओं में से 2 पेयजल योजना (कण्डेला जोन–1 व लांक) में विद्युत कनेक्शन हेतु कनेक्शन शूल्क जमा कर दिया गया है शीघ्र दोनो पेयजल योजनाओं पर विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन प्रदान कर दिया जायेगा। अन्य 2 पेयजल योजना (गुराना व मवी अहतमाल तिमाली) पर विद्युत कनेक्शन के आवेदन प्रपत्र पर ग्राम प्रधान द्वारा हस्ताक्षर करने से मना कर दिया गया है जिस कारण से दोनो पेयजल योजनाओं पर वर्तमान तक विद्युत कनेक्शन पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो पायी है। दिनांक 25.06.2025 को आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा 2 पेयजल योजना (गुराना व मवी अहतमाल तिमाली) पर दिये गये निर्देशों के क्रम में उक्त समस्या के निराकरण हेतु जिला पंचायती राज अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया है जिस पर कार्यवाही प्रगति पर है। साथ ही आज की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा लांक एवं कण्डेला ग्राम पेयजल योजना पर ट्रांसफार्मर लगाने हेतु उनके स्तर से सम्बन्धित विद्युत खण्ड को पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये।

**विन्दु संख्या–5 (अध्यक्ष महोदय के अनुसार अन्य बिन्दु) :–**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा समीक्षा के दौरान निम्नानुसार निर्देश दिये गये :–

1– **एफ0एच0टी0सी0** :– मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा सख्त निर्देश दिये गये कि एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति को युद्ध स्तर बढाना सुनिश्चित करें ताकि जनपद शामली सी0एम0 डैशबोर्ड समीक्षा में **ग्रेड बी से ग्रेड ए** में आये।

2– **गोगवान पेयजल योजना** :– गोगवान पेयजल योजना पर उच्च जलाशय के निर्माण में आ रही बाधा के निस्तारण हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा मदरसा समिति एवं ग्राम पंचायत के साथ बैठक का आयोजन करने के निर्देश दिये गये। जिसकी अध्यक्षता उनके द्वारा स्वयं की जायेगी।

**3– पॉवटी कलॉं पेयजल योजना** :– उक्त योजना पर चल रहे कोर्ट केस की स्थिति की जॉच की जाये यदि कोर्ट से कोई स्टे प्राप्त नहीं हुआ है तो प्रशासन द्वारा दी गयी भूमि पर पुनः पुलिस बल के साथ कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये।

**4– खन्द्रावली एवं जसाला पेयजल योजना** :– उक्त दोनो पेयजल योजना पर फर्म को सख्त निर्देश दिये गये कि HDD मशीन द्वारा शीघ्र पाइप लाइन कार्य प्रारम्भ कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराये।

**5– भैंसवाल पुर्नगठन पेयजल योजना** :– उक्त योजना पर अतिरिक्त पाइप लाइन को HDD मशीन द्वारा शीघ्र बिछायी जाये जिससे किसान दिवस के माध्यम से आ रही शिकायत का निस्तारण किया जा सके।

उपरोक्त बिन्दु के अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन पेयजल योजना पर उच्च जलाशय को वितरण प्रणाली से जोड दिया गया है उनमें अतिशीघ्र पम्प ऑपरेटर नियुक्ति कर उच्च जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति देना सुनिश्चित करें। साथ ही निर्देश दिये गये कि अगली बैठक में पेयजल योजना से सम्बन्धित सभी अधिकारियों (जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित सचिव) एवं फर्म जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, मुम्बई के जनरल मैनेजर, श्री राजीव राय, को समीक्षा बैठक में प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित किया जाये।

(फूल सिंह यादव)
अधिशासी अभियन्ता/
सचिव डी0डब्लू0एस0एम0
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।

पत्रांक– 909 / 108 / 54 दिनांक : 03-07-2025

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षेत्र) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
6. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली।
7. मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली।
8. उप जिलाधिकारी शामली/कैराना।
9. जिला पंचायत राज अधिकारी, शामली।
10. अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, द्वितीय/चतुर्थ
11. समस्त खण्ड विकास अधिकारी।
12. जी0एम0/पी0एम0, मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, मुम्बई।
13. पी0एम0, मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद।
14. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0/डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, शामली।
15. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्ड अन्तर्गत।

03/07/25
अधिशासी अभियन्ता/
सचिव डी0डब्लू0एस0एम0
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली